In my own constituency, there is unfortunately a missing link of about 20 km of the Brahmaputra embankment. This area is known as Mayang. Every year, it is subjected to heavy damage by floods. The hon. Minister of Irrigation and Power knows it. I would only urge upon him—in fact I am only reiterating my request—that this portion should be invariably included in the scheme under the Brahmaputra Flood Control Commission to be implemented in the coming working season.

There have been several breaches in the embankment, and again in my constituency, several areas have been very badly affected due to the breach in the embankment. We know about the damage done by normal floods, but when embankments are breached, the

[Shri Liladhar Kotoki]

damage caused to the people is tremendous, because the people are taken unawares. Therefore, this aspect of the floods due to breaches in the embankments has also to be looked into.

I know you would like me to conclude. I will conclude by urging the Minister to take into consideration another aspect of floods. That is, apart from the floods in our State, the floods in Bihar and North Bengal also affect us considerably, because apart from the misery they cause to the people affected, they affect Assam also since our heartline of transport is through Bihar and North Bengal. This year, due to the severe floods in Bihar, the train communications have been dislocated and that has been reflected by the high prices and also scarcity of essential commodities in our State of Assam. So, I would urge upon the Minister I am glad the Minister of Food and Agriculture is also present here—to take up this matter also with the Railway Minister and the Transport Minister and see that our lifeline of transport is kept free from damage and dislocation.

श्री रामदेव सिंह (महाराजगंज) : सभापति महोदय, जब इस युग में हम चन्द्रलोक पर जाने और बसने की तैयारी मे है, 20-25 सालों से आने वाली सरकार इस देश मे न तो किसी भाग को जो बाढ़ में बह रहा है उसकी व्यवस्था कर सकी है और न जो भाग सूखे की आग में जल रहा है उसको बचाने की ही कोई व्यवस्था कर सकी है। विज्ञान और टेकनोलाजी के इस युग में कोई भी सरकार अगर सीरियस रहती तो ऐसी स्थिति जो आज इस देश में पैदा हुई है, कभी नहीं होती। यह इस बात का प्रमाण है कि पिछले 25 सालों से आने वाली सरकार ने अपनी जिम्मेवारियों के साथ इस देश में मजाक किया है, अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझा है वरना यह स्थिति इस देश में न होती। जैसा हमारे पूर्ववक्ताओं ने बताया है कि विभिन्न प्रान्तों की हालत क्या है जोकि इस समय बाढ़ की चपेट में हैं लेकिन उसमें बिहार की हालत बहुत ही खराब है। वहां पर प्रधान मन्त्री ने जाकर देखा है। हमारे इरीगेशन मन्त्री ने भी वहां जाकर देखा है कि आज कितना बड़ा भीषण अकाल वहां पर पड़ने जा रहा है। सन् 1967 में सूखे के चलते जो अकाल था उससे भयंकर अकाल बिहार में आया हुआ है। हमारी रबी की फसल खेत से खलिहान में आई लेकिन अनियमित वर्षा के चलते वह घरों में नही पहुंची बल्कि खलिहान में ही सड़ गल गई। हमारा बिहार वैसे ही अभाव का राज्य रहा है, उस पर रबी की फसल मारी गई और फिर गंगा की बाढ़ इस साल आश्चर्यजनक ढंग से चल रही है। गंगा उठती थी लेकिन दो तीन दिनों के बाद नीचे जाती थी लेकिन अभी 17 दिनों से गंगा का पानी लगातार उठता गया। 540 ब्लाकों में 200 ब्लाक पूरी तरह से प्रभावित हुए है। बक्सर से लेकर खगरिया तक और फिर साहबगंज तक जितने भी गंगा के अगल बगल इलाके है वहां पर गावो के लोग कही तो छप्पर पर है, कही ऊची जगहो पर है, कही पेड़ पर चढ़ गए है और इस तरह किसी प्रकार अपने प्राण बचा रहे है। यह स्थिति आज बिहार मे है। वहां की सरकार कितनी सीरियस सरकार है ? जब वहा पर यह हालत थी, लोग बह रहे थे, लोग छप्परों पर थे और बहुत से मवेशी और आदमी बहे जा रहे थे उस समय वहां के सारे मिनिस्टर्स दिल्ली में बैठ कर मन्त्रि मण्डल के विस्तार में लगे हुए थे। कांग्रेस प्रेसीडेन्ट की कुर्सी की लड़ाई के लिए वे लगे थे और जब प्रधान मन्त्री ने डांट दिया तब यहां से उठकर गए हैं। तो इस बार न तैयारी ही है और न सीरियसनेस ही है। आज पूरा बिहार अकाल के चुंगल में आ गया है। बिहार सरकार इसको बचा सके यह सम्भव नहीं है। इसलिए केन्द्र को पूरी जिम्मेवारी अपने ऊपर लेकर आगे बढ़ना चाहिए और बिहार को बचाना चाहिए। यहां पर मिश्र जी ने ठीक कहा है कि यह तो सावन का महीना है और भादों आने वाला है तब क्या हालत होगी। गंगा की बाढ़ के लिये कुछ कहना मुश्किल है। अभी वहां पर जो

नावों की व्यवस्था है वह ठीक नहीं है। ऐसा बताया जाता है कि कुछ पैसे वालों ने बाढ़ग्रस्त इलाकों में नावों को किराये पर ले लिया और फिर बहुत ऊंचे रेट पर चला रहे हैं। कहीं तो बकरियों को पहुंचाते हैं और कहीं दूसरे मवेशियों को पहुंचाते हैं। हमारा कहना है कि केन्द्र को इसकी जिम्मेवारी लेनी चाहिए। मैं भी इस बात को दोहराता हूं, जैसा कि मिश्र जी ने कहा है कि किसी मंत्री को वहां पर जाकर बैठना चाहिए और वहां की हालत को देखकर सेन्टर से जो कुछ सहायता मोहैया करा सकते हैं उसको कराना चाहिए। वहां की सरकार चिट्ठी लिखे और फिर यहां पर विचार हो और तब कोई देखने और जांचने के लिए जावें इस प्रकार काम चलने वाला नहीं है।

आपने घंटी बजा दी है, मैं उसका आदर करता हूं और केवल दो एक सजेशन्स देकर ही बैठ जाऊंगा।

17.00 hrs.

मैंने अभी तक स्थिति का वर्णन किया है। समय चूंकि कम है इसलिये कुछ सुझाव देकर अपनी बात समाप्त करता हूं।

पहली बात यह कि जिन लोगों के घर गिर गये हैं उन्हें धूप और वर्षा से बचाने के लिये तिरपाल की व्यवस्था की जाय। ऐसे करीब 20 लाख लोग हैं जिनके लिए तिरपाल आदि की तात्कालिक व्यवस्था करनी चाहिये।

दूसरे यह कि बाढ़ से घिरे हुए लोगों के लिये तैयार भोजन की व्यवस्था होनी चाहिये। साथ ही मवेशियों के लिये मुफ्त चारे की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिये रेलवे मंत्री जी को रेल के वैगन्स की व्यवस्था करनी चाहिये और चारा लाने के लिये किराये में छूट दी जानी चाहिये।

पानी हटने के बाद बीज का तत्काल प्रबन्ध कराया जाय क्योंकि किसी के घर में बीज नहीं हैं। इसीलिये बाहर से गेहूं का बीज मंगा कर लोगों को बुवाई के समय उपलब्ध कराया जाय।

जिन लोगों के घर गिरे हैं उनके लिये सस्ते दर पर लकड़ी की व्यवस्था करनी चाहिये, और मरम्मत की व्यवस्था होनी चाहिये। मेरा अनुमान है कि इन कामों के लिये 225 करोड़ रु० की जरूरत होगी जो कि लोगों को देना होगा। अगर इस स्थिति का उचित रूप से मुकाबला नहीं किया गया तो मुश्किल हो जायगी। साथ ही सरकार गैर सरकारी संस्थाओं से अपील करे कि वे सेवा कार्यों से बिहार की बचायें।

मैं आशा करता हूं कि सरकार इधर ध्यान देगी और बिहार को बचायेगी।

सभापति महोदय : हर एक स्टेट के लिए एक-एक प्रतिनिधि का भाषण होना चाहिये। मेरे सामने तीन लिस्ट्स हैं—एक तो छपी हुई, दूसरी आफिशियल है और तीसरी नान-आफिशियल हैं। जिन्होने नाम भेजे हैं सब को अवसर दिया जायगा बशर्ते कि वे पेशेन्स से काम लें।

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN (Kangra) : Sir, we are discussing the devastation caused by floods which are partly due to nature but mainly due to the inefficiency and incompetence and callousness of the department over which our good Minister presides. Even according to his own report, the floods could have been prevented had the embankments been properly put up. He says :

> "Most of the damage done in these places has been due to breaches in embankments and absence of embankments... Most of the damage that occurred this year would have been prevented if the banks had existed."

So, he concedes that basically damage to the tune of Rs. 250 crores was caused because of lack of embankments or embankments which were weak or had not been properly put up.

I would submit this is not the only instance where the inefficiency of the State Department and the Central Department has been clearly shown. There are a few other places where the inefficiency is much more.

[Shri Vikram Chand Mahajan]

In my constituency a dam is being built which is known as Pong dam. About Rs. 300 crores are being spent on this dam. They knew that a particular quantum of water would be passing through that place in the floods. They built five tunnels to take out that water, but they are not sufficient to take out even the flood water. They knew very well that floods come every year. This is not the first time that floods are coming in that region. They are there for centuries and they know it. Since they knew it they could have planned the tunnels in such a way that the tunnels would take the flood waters in their entirety. But they did not. Even though they have spent crores of rupees on that project, they did not take into account the water which would be collected during the floods. The result was that during this season the tunnel could not take the entire water collected there and so hundreds of families were put to trouble and thousands of houses were swept away. What was the compensation given to them ? One hundred rupees per family. Their houses have been swept off, the grains which they had stored had been washed away and they were given only Rs. 100. Even that has been given only in some villages and not all. I will later give the Minister the names of the villages where this has not been given.

There is another place 20 miles away from Pathankot where the railways have built a line. Every year the water collects there because the flow of flood water is stopped by the railway line. Hundreds of people of that region have represented to both Railway and Irrigation Ministry to have a bigger channel through which the entire flood water could pass so that the lands are not destroyed. The answer given by the department earlier was that they originally intended to develop this region as a fishery pond so that you can make money out of fish. But they seem to forget that thousands of acres of land which are water logged and ruined by floods have also to be taken into consideration. The entire floods could have been prevented if they had dug a bigger channel across the railway-line. This year also thousands of a acres of land have been submerged because of this. Even though I have repeatedly urged the Agriculture and Railway Ministry to attend to this, they have not paid heed to my request.

It is mentioned in the statement "hon. Members are aware that there is no method of preventing and controlling heavy downpour". It is true that water is collected by heavy downpour. If you do not kill mosquitos there would be malaria. If you do not kill rats there would be plague. If you do not kill cholera germs there would be cholera epidemic. Similarly, because of rain water will accumulate. By human effort we have to divert the waters. You have to build proper embankments, you have to punish those officers who are corrupt and blacklist those contractors who use sand instead of cement. You have to take positive and firm action instead of merely repeating that floods are created by nature.

Take the case of the Brahmaputra Flood Control Board and the officials in charge of that. We have so far spent Rs. 32 crores on that. Just make an enquiry of the assets of the engineers and officers of the Brahmaputra Control Board before they took up their present assignments and now. Kindly also check up the assets of those who have come back from that place. You will find out of these Rs. 32 crores where the money has gone. I want to ask a few questions from the hon. Minister. First, will you hold an enquiry against the contractors who built these embankments which have been destroyed due to these floods ? Second, will you hold enquiries against the engineers or officers who are reponsible for building railway line and roads which block the natural drainage and cause floods ? Third, will you first spend money on controlling the floods in the northern zone before taking up the grandiose plan of connecting Ganges with Cauveri—that would be another Mohammad Tughlak plan. Fourth, have you tried to desilt any river in India, *viz.*, Ganges, etc. so that their beds which have come up go down ? Fifth, will you hold an enquiry against the officers who planned the tunnels of Pong Dam and could not foresee that in floods the houses would be submerged and punish the responsible officers.

श्री हुकम चन्द कछवाय (मुरैना) : सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने एक हरिजन मेम्बर को बोलने का मौका दिया है। इससे पता चलता है कि आप हरिजनों के कितने हितैषी हैं ।

बाढ़ों पर चर्चा हम अनेकों वर्षों से करते आ रहे हैं। लेकिन फिर भी बाढ़ों को आने से रोका नहीं जा सका है। इन बाढ़ों के कारण हमको प्रतिवर्ष बहुत बड़ी हानि उठानी पड़ती है। फिर भी गम्भीरता के साथ कोई विशेष उपाय अभी तक इनको रोकने के नहीं किये गये हैं। जिन इलाकों में प्रतिवर्ष बाढ़ आती है, उसके कारणों का पता लगाया जाना चाहिये कि बाढ़ क्यों आती हैं। कही ऐसी बात तो नही है, कि जो जंगल है, जो पहाड़ी इलाकों से पेड है उनको काटा जा रहा है और उस कारण से पहाड़ों की मिट्टी पानी के अन्दर खिसक खिसक कर आती गई है और वह आ कर नदियों मे जमा हो गई है और उस कारण से उन नादियों की गहराई कम हो गई है ? क्या उस कारण से बाढ़ें तो ज्यादा नही आने लग गई है ? अगर यह कारण है तो इसका नतीजा यह होता है कि पानी फैल जाता है और बाढ़ें आती है। क्या सरकार ने कोई योजना बनाई है ताकि पहाड़ों पर पेड़ लगाये जा सकें और जो लगे हुए है उनको काटा न जाए, उनकी रक्षा की जाए। वृक्षों को काटा नहीं जाना चाहिये। अधिक से अधिक वृक्ष लगने चाहिये। यह भी एक उपाय है बाढ़ों को आने से रोकने का। इन वृक्षों की वजह से मिट्टी नदी के अन्दर नही आती है और वह वहीं रहती है। इससे हमें काफी लाभ हो सकता है। आपको एक विशेष योजना बनानी होगी ताकि नदियां गहरी हो सकें और पानी का फैलाव न हो।

कुछ साल पहले तक हमारे देश मे बड़े बड़े तालाब और कुएं हुआ करते थे। उनको हम मिटाते जा रहे है और उनके स्थान पर ट्यूबवैल लगाते जा रहे है। मैं ट्यूबवैल्ज का विरोधी नही हूं। परन्तु इन से पानी जमा नहीं होता है। जमीन से जो पानी निकलता है अगर तालाब हों तो वह उन में भरता रहता है और रुका रहता है और साल भर उन में पानी नदियों के अन्दर नहीं आ कर मिलता है और इस कारण से बाढ़ नहीं आती। तालाब अगर बनाये जायें तो छोटी सिंचाई के साधन उपलब्ध किये जा सकते हैं और पानी जमा किया जा सकता है। मै चाहता हूं इस ओर आप ध्यान दें।

इस बरसात के अन्दर मेरे अपने चुनाव क्षेत्र मे बाढ़ आ गई है, मुरैना के अन्दर बाढ़ आ गई है। मुझे यह कहने में कोई सकोच नहीं है कि ग्वालियर डिविजन के अन्दर, मुरैना मे पिछले दो तीन सौ सालो मे पहली बार बाढ़ आई है। इस बाढ़ के कारण वहा बहुत हानि हुई है। उस इलाके की उपेक्षा इसलिए की जा रही है कि वहा से विरोधी जीत कर आया है। वहां के लोगों को कोई सहायता नही दी जा रही है। एक राष्ट्रीय मार्ग बम्बई आगरा रोड बाढ़ के कारण टूट गया है। वह बन्द हो गया है। केन्द्रीय सरकार को पन्द्रह दिन तक पता नहीं चला कि वहा रास्ता बन्द हो गया है, रास्ता टूटा हुआ है। वहां के प्रतिनिधि ने आकर उस को बताया तब उसको पता लगा। राज्य सरकार इतनी निकम्मी है कि वह इसकी सूचना भी आपको नही दे पाई.....

सभापति महोदय : निकम्मी का क्या अर्थ है ?

श्री हुकम चन्द कछवाय : कोई काम नहीं करती है।

सभापति महोदय : आगे इस शब्द का इस्तेमाल न करें।

श्री हुकम चन्द कछवाय : मै उदाहरण देता हूं। बाढ आने के कई दिन बाद तक भी कोई मदद वहां के लोगों को नही पहुंचाई गई। मेरे इस क्षेत्र के डेढ़ सौ गांव पानी में डूब गए। काफी हरिजनों के मकान बह गए। लेकिन सरकार ने कोई उनको सहायता नहीं दी। उनका अनाज बह गया, फसल नष्ट हो गई लेकिन कोई सहायता नहीं की गई। मैं स्वयं वहां कलैक्टर को मिला। उन्होंने मुझे कहा कि इस समय मैं कुछ भी नहीं कर सकता हूं क्योंकि मुझे भोपाल से कोई सहायता नहीं मिली है। वहां जब यह

[श्री हुकम चन्द कछवाय]

स्थिति थी तब मेरे दल ने लोगों को काफी सहायता पहुंचाई। आज भी उस क्षेत्र में आवागमन के साधन बन्द हैं। रेल पुल डूब गए हैं। तीन चार पुलों के रास्ते डूब गए हैं। लोग नावों के द्वारा इधर से उधर आ जा रहे हैं। नावों का वे प्रयोग कर रहे हैं। परन्तु केन्द्रीय सरकार की ओर से और राज्य सरकार की ओर से भी वहां कोई सहायता नहीं मिली हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि विरोधी वहां से जीत कर आए हैं। इसलिए उस क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही हैं, जानबूझ कर की जा रही है। वहां जो विनाश हुआ है, उसको आप देखें और उनकी सहायता करें।

आज उस क्षेत्र में लोगों के पास अनाज खाने के लिए नहीं है। उनकी फसल नष्ट हो गई है। हरिजनों तथा दूसरे गरीब लोगों की झोंपड़ियां नष्ट हो गई हैं। उनको आपकी तरफ से कोई मदद नहीं मिली है। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उनको मदद पहुंचाने की व्यवस्था करें।

मुरैना जिसे में कुछ नहरें भी आपकी सरकार द्वारा बनाई गई हैं। लेकिन उनका आज कोई उपयोग नहीं हो रहा है। नहरों में से पानी खेतों में जाता है और वहां आरपार दल दल बन गया है। इसकी मैंने उप मंत्री महोदय से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की थी। उन्होंने मुझे कहा कि मैं इस चीज को लिख कर भेज दूं। मैं उनको पत्र लिख चुका हूं। मैं चाहता हूं कि इस पानी का अच्छा इस्तेमाल हो, सदुपयोग हो। इससे सिंचाई ठीक प्रकार से हो ताकि लोगों को लाभ पहुंचे। इस ओर आपका ध्यान जाना चाहिये।

अन्त में मै इतना ही कहना चाहता हूं कि इन बातों की ओर विशेष ध्यान आप दें और तत्काल मेरे क्षेत्र में राहत पहुंचाने का आप प्रबन्ध करें, राहत कार्य शुरू करें ताकि लोगों का कष्ट दूर हो, हरिजनों की मदद हो सके। मैं आशा करता हूं कि इस दुख के समय में सरकार से लोगों को अवश्य सहानुभूति और सहयोग मिलेगा।

SHRI N. SHIVAPPA (Hassan): Mr. Chairman, at the very outset I wish to point out to the concerned ministers at the Centre that the State of Mysore is under President's rule and there is no popular government there. So, if any grievance or difficulty of the people of Mysore is to be redressed, it can be done by the Central Government alone and not by anybody else. Our Irrigation Minister, Agriculture Minister and even the Industries Minister will certainly bear it in their minds not in the interest of my constituency but in the interest at least of about three crores of people of Mysore State.

I cannot describe the unfortunate condition of the people of Mysore who are now in the midst of drought and famine for the last six to seven years continuously. Famine has become our first and continuous enemy. We are so unfortunate that we have to surrender to him. There is no other alternative. It is our biggest enemy. It is a bigger enemy than anybody else.

The geographical condition of India, particularly of the Deccan plateau, is such that on one side there are the Eastern Ghats, on the other side there are the Western Ghats and in the midst of it is the Deccan Plateau with great ups and downs and with no water, no food, no irrigation facilities and no man to feed perhaps. We have not been able to put our grievances properly and so we have become a subject of mockery. Our people have not got the benefits of socialism in these 20 years nor have they got the mercy either of the Central Government or of the State Government.

All the 27 MPs of Lok Sabha and the MPs of Rajya Sabha have already visited and represented our grievance to the Prime Minister and have sought financial protection and of the Finance Minister.

Not less than Rs. 15 20 crores are to be sanctioned because, as compared to a partial drought in a Andhra which is also a part of Deccan Plateau, a partial drought in the State of Maharashtra, a partial drought in the State of Madras, the whole part of Mysore which is centrally located is fully hit by it and almost all the 18 districts of Mysore are suffering with the greatest possible acute famine. So, we are helpless; we are suffering this kind of misery in unexpressable terms. Consequently,

I appeal to the Central Government that they must do something to alleviate the sufferings of the people there.

Every year, we are wasting crores of rupees on famine relief or flood relief operations. This thing has been expressed by many hon. Members of the House. It is high time for the Government at the Centre to think of having a permanent measure. With a dynamic personality of Dr. K. L. Rao, with the coordinated effort of the Central Government, something positive and permanent should be done. The Central Government should chalk out a permanent programme, a permanent measure, to solve the problem of the 75 per cent of the rural people who are real masters behind us and to whom we have committed ourselves with our policies and programmes and to whom we have assured that by means of socialist approach, we will improve their conditions. If you really want to improve their conditions, if you really have a mind to improve their conditions, if that is our aim, we will have to do a permanent thing. There is no question of saying that we have appointed such and such a planning body which is going into the possibility of making a survey from Ganges to Cauveri. If the flood problem is to be solved, if the famine problem is to be solved, if these two enemies are to be eradicated from our sub-continent, it is high time and it is a must that the Central Government must think of a permanent measure.

We have wasted so many thousands of crores of rupees when we started an adventure in industry and all that. What after all is standing in our way to start this wonderful thing? We have got all the material resources; we have got all the water raw material to be supplied to different areas. This is to be taken up in the State of Mysore.

The hon. Minister has already assured on the floor of the House that non-scheduled rivers will be cleared and the money will be given. It is high time that they are cleared.

One more thing I will point out. The Central Government are sending out a body to survey the drought-stricken areas. As my hon. friend said, they will go there and come back with some report after sometime. In regard to the procedure to be adopted, I would like to submit one thing. They have taken "district" as a package for them. How can a district be taken as a package? Supposing in a district 5-6 taluks are suffering from drought, what will be the fate of those people? If the relief or the improvememt in industry, in irrigation and in other things, if general conditions are to be laid down, it cannot be a district package. If at all 52 districts in the whole of India are selected for improvement, it cannot be a district-like package. It should be a taluk or it should be even a smaller part as a package and they should have an eye on the difficulties of the people They should suggest it to the Government or must take a very clear view about it and see that it is recommended to the Government failing which nothing can be improved in the backward areas and our people will not tolerate this kind of thing.

There are so many projects which have been proposed to the Central Government and they are pending for sanction. It is high time that sufficient funds are allotted. Not less than Rs. 15 crores are to be sanctioned to the State of Mysore at this juncture failing which all our people will definitely come and sit before the House and the hon. Minister.

श्री शिवनाथ सिंह (झुझुनू) : सभापति महोदय, बाढ़ और सूखा दोनों ही प्रकृति के प्रकोप हैं। ये दोनों एक दूसरे की विपरीत दिशा में होते हुए भी विनाशकारक है। हम प्रकृति की प्रक्रिया को रोक नहीं सकते हैं, लेकिन उस से होने वाली हानि को कम अवश्य कर सकते हैं। यह देश बहुत बड़ा है। कुछ प्रान्तों में बाढ़ से तबाही हो रही है और कुछ प्रान्तों में सूखे से तबाही हो रही है। लेकिन राजस्थान एक ऐसा प्रान्त है, जिसको सूखे और बाढ़ दोनों से लड़ना पड़ता है। यह वहां का आये-दिन का फीचर है। सूखाग्रस्त इलाके की अपनी अलग समस्यायें हैं और बाढ़ग्रस्त इलाके की अपनी समस्यायें है। इन दोनों समस्याओं का मुकाबला एक राष्ट्रीय स्तर पर करना होगा। देश को आये साल की बाढ़ की तबाही से बचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोई बोर्ड बनाना होगा या कोई अन्य व्यापक स्कीम बनानी होगी।

[श्री शिवनाथ सिंह]

राजस्थान का एक बहुत बड़ा क्षेत्र हमेशा सूखे से प्रभावित रहता है। वहा की आबादी बहुत कम है, क्योंकि वहां पर पानी की समस्या है। सरकार को यह प्रयत्न करना चाहिए कि जो क्षेत्र हमेशा सूखाग्रस्त रहते है, वहां पर सूखे के प्रभाव को कुछ कम किया जाये। पहले एक डेजर्ट डेवेलपमेंट बोर्ड बना था, लेकिन आजकल वह इनएफेक्टिव है और उसके द्वारा कोई काम नही हो रहा है। इस लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक डेजर्ट डेवेलपमेंट बोर्ड बनाया जाना चाहिए। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि ये समस्यायें बिहार, यू० पी० या राजस्थान आदि किसी एक प्रान्त के बस का रोग नही है। बाढ और सूखे को राष्ट्रीय समस्यायें मान कर उन का निराकरण करना चाहिए।

हमारे यहां जो सूखाग्रस्त क्षेत्र है, वहा पर लोगों को तीस चालीस मील से पीने का पानी लाना पड़ता है, जब कि दिल्ली और दूसरे नगरों मे फव्वारे चल रहे है। हमारे यहा पूरे का पूरा परिवार पानी लाने मे लगा रहता है। इस लिए ऐसे सुखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए रिजनल पाइप-लाइन स्कीम को कार्यान्वित किया जाना चाहिए। आजादी के चौबीस सालो के बाद भी हम अपने देश के किसी प्रान्त के लोगो को पीने का पानी न दे सके, यह हमारे लिए लज्जा की बात है। इस लिए सूखाग्रस्त क्षेत्रों मे कम से कम पानी की समस्या का निराकरण तो तुरन्त किया जाना चाहिए। हम ऐसे कदम उठायें, जिस से सूखे का प्रभाव कम हो सके। वर्षा नही होगी और सूखा आयेगा। प्रकृति को हम रोक नहीं सकते है। लेकिन हम सूखे की विभिषिका को कम जरूर कर सकते है। अगर सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सड़कें बन जायें, तो कमी के दिनों मे हम दूसरे स्थानों से अनाज और मवेशियों के लिए फाडर ला सकते हैं। लेकिन सरकार का ध्यान इस तरफ अधिक नहीं गया है।

सरकार ने रूरल वर्क्स प्रोग्राम की स्कीम निकाल कर अच्छा काम किया है। लेकिन इस सम्बन्ध में जिलों का सिलेक्शन जिस प्रकार किया गया है, वह आपत्तिजनक है। दूसरे प्रान्तों में भी ऐसा हुआ होगा, लेकिन मैं राजस्थान के बारे मे कहना चाहता हूं कि वहा पर जिलों के सिलेक्शन में बिल्कुल भेद-भाव बरता गया है। पता नही, यह सिलेक्शन किस आधार पर किया गया है। झुंझनु और सीकार ऐसे जिले है, जो सूखे की दृष्टि से चौथे और पाचवें नम्बर पर आते है। लेकिन उन का सिलेक्शन नही किया गया है। इसकी तुलना मे जिन जिलो मे पचास, साठ इंच सालाना वर्षा होती है, उन को इस स्कीम में शामिल कर लिया गया है। अगर इस विषय मे राजनैतिक और अन्य दृष्टिकोणों को सामने रखा जाये और जिलो का सिलेक्शन वाजिब न हो, तो दूसरे लोगों के मन मे टीस, जलन और दुख होता है। इस लिए इस योजना में जिलो को शामिल करने के लिए एक आधार होना चाहिए। जिन जिलो में वर्षा कम होती है, सूखा अधिक पडता है, आये-दिन अकाल पड़ते है, उनको इस योजना में अवश्य शामिल किया जाये। उन का शामिल न करने का कोई कारण नही है। मेरी समझ मे नहीं आता है कि उनको क्यों एक्सक्लूड किया गया है।

जो इलाके हमेशा सूखे से ग्रस्त रहते है, वहा के लोगो के लिए कम से कम यह व्यवस्था करनी चाहिए कि अकाल के समय वहां दूसरे स्थानों मे खाने-पीने के साधन जुटाये जा सकें। सूखा अकाल का जन्मदाता है और अकाल हमारे देश के कई प्रान्तों में पड़ता रहता है। राजस्थान में दस साल में से तीन साल फसल होती है, दो साल साधारण फसल होती है और पांच साल भयंकर अकाल पड़ता है। इस लिए सूखे का मुकाबला करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रयत्न किया जाना चाहिए।

दो तीन साल पहले हमने सूखे से लड़ने के लिए एक साल में सरकारी तौर पर 100

करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं। इस के अलावा जयपुर, और भरतपुर आदि में बाढ़ की स्थिति है। उन लोगों को बसाने के लिए, राहत पहुंचाने के लिए रुपये खर्च कर रहे हैं। हमारे प्रान्त में 85 करोड़ का ओवर ड्राफ्ट किया है। हम ने कहीं और वह ओवर ड्राफ्ट का पैसा खर्च नहीं किया है। एक नैशनल कैलेमिटी को मीट करने के लिए, एक राष्ट्रीय जो संकट आया था, भयंकर अकाल का संकट था, सूखे का संकट था उस को मीट करने के लिए हम ने उस रुपये को खर्च किया है। इसलिए सेंटर को ऐसे प्रान्तों को ऐसे साधन देने चाहिए ऐसी सहूलियत देनी चाहिए जिससे कि वह प्रान्त भी दूसरे प्रान्तों के मुकाबिले में आगे आ सके और अपना विकास कर सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं माननीय मन्त्री जी से कहूंगा कि एक राष्ट्रीय योजना बनाए डेजर्ट डेवलपमेंट की ओर उसके तहत समूचे देश के लिए विकास की योजना तैयार करें।

SHRI S. S. MOHAPATRA (Balasore) : I come from Orissa. Naturally I will try to focus attention on certain problems which have come out of the devastating floods in about 4 districts of Orissa. They are : Cuttack, Balasore, parts of Puri, Dhenkanal and Keonjhar. I would like to bring before the attention of Dr. K. L Rao that year after year we have been having devastating floods in different parts of the country. I was head of the Information Department of the Damodar Valley Corporation, which was the first multi-purpose project in India patterned on the model of the Tennessee Valley Authority. Voorduin was the maker of the Tennessee Valley Authority. The DVC project was meant to protect the floods of West Bengal and Bihar and though 8 dams were projected but only 4 dams have been completed, and thus flood protection is incomplete. Dr. K. L. Rao himself was connected with the Hirakud Dam project. He was himself the Engineer there. Year after year we see floods in the river Mahanadi and the flood have not been controlled.

There is, I understand, a National Commission on Irrigation. They have not given their interim report. Unless we take a decision to control the floods, year after year we will be seeing things like this. As there is a National Grid for Electricity, there should be a National Control of the Dams ; all the rivers should be interconnected. Therefore I ask: Why cannot the Government take up this problem and try to solve this once and for all ?

In Orissa the ravages of floods have been very much. 11 people have lost lives ; I have got a report here which I got only one hour ago from the Orissa Government. The rivers in spate are Mahanadi, Baitarani, Sabarnarekha and Budabalanga. They are in spate almost continuously. Apart from loss of 11 human lives, many cattle are reported to have been lost. A large number of embankmnents have been breached in different parts of the State. The important once are (1) Painkuti on Bramhani (2) Rambapur on Mahanadi (Cuttack) and (3) Ringbandh in Aul area. The latest position is that flood waters are receding, but even so, in many places they are above the danger level.

To solve this problem, the hon. Minister must focus his attention on the various aspects to control these devastating floods which are occurring year after year in Orissa. The present Orissa Government is not capable of solving the problem ; they are not reaching the people. They just try to blame the Government of India without trying to solve the problem themselves.

I am interested in a particular project, Sabarnarekha project. This will help not only Orissa, but West Bengal also. This Sabarnarekha project is such a project that when it is completed, 4 lakhs cusecs of water will flow between the two embankments. This is going to submerge 60,000 acres of land in Orissa area and 40,000 acres in West Bengal area. It will displace not less than one lakh of people in West Bengal and Orissa. I understand, Orissa Government is not in favour of this project. I understand, the last Government of West Bangal was also not in support of this project. I had a discussion with the hon. Minister. He assured that synchronising with this embankment he has to plan for DVC type of dams on the river Sabaranarekha in the upper and lower reaches.

I bring to his notice the concern that this plan should be put through immediately. If

[Shri S. S. Mohapatra]

it is not put through, I understand that there will be a satyagraha campaign in Orissa and West Bengal area against this embankment plan.

Simultaneously, I would also like to draw the attention of hon. Minister to the Bhimkund project which is going to control the floods on the Baitarani river.

I am bringing all these things to the notice of the hon. Minister so that he may take immediate steps. I hope he will also visit the flood-affected areas of Orissa. That has been the demand of the people there. I hope he will also recommend at least Rs. 3 crores to the flood-victims of Orissa.

श्री गंगा रेड्डी (आदिलाबाद) : खतीम मोहतरम, साले हाल हमारे मुल्क के लिए बहुत ही खराब और परेशानी का है। मशरिकी इलाके मे पनाहगुजीन का सगीन मसला, मगरबी इलाके मे पाकिस्तान की तरफ से जंग की धमकी, शुमाली मशरकी इलाके मे तूफान और तुगियानी, जनूबी इलाके मे सूखा और अकाल जिस मे करोडो लोग मुतासिर हुए और हजारो करोड रुपये का माली नुकसान हुआ। आन्ध्र प्रदेश जो गल्ले का गोदाम और अन्नपूर्णा के नाम से मौसूम है आज सूखे का शिकार बना हुआ है। हर साल लाखों टन चावल देने वाला प्रदेश आज खुद मुसीबत मे आ फसा है। साले हाल का सूखा 1968-69 से ज्यादा संगीन है और कहा जाता है कि गुजिश्ता सौ सालों में ऐसा सूखा नहीं पड़ा। आन्ध्र के बाज इलाकों में गुजिश्ता चार सालों से मुसलसल कहत पड़ रहा है। इस पर सितम यह कि दो बार साइक्लौन भी आ चुके। इस साल बारिश का हाल हर जिले में 15 से 40 परसेंट है। हर शख्श आसमान की तरफ देख रहा हैं। मन्दिरों और मस्जिदों में दुवाएं मांगी जा रही हैं और हर शख्श के लब पर यही आवाज है :—

किधर है जोश बदलियां रवां है सोये मयकदा।
सियाहों के हाशिये पे सुर्खियां लिए हुए॥

तैलंगाना और रायल सीमा के पूरे अजले और कोस्टल डिस्ट्रिक्ट्स के ऊंचे मुकामात पूरी तरह मुतासिर हैं। आदिलाबाद जिले के 73 हजार एकड़ के मिनजुमले एक भी एकड़ की काश्त नहीं हुई। 8 लाख एकड़ खुश्की काश्त भी सूखे से बुरी तरह मुतासिर हुई जहां मूगफली और दालों की फसलें और मकई बिल्कुल सूख चुकी है। निजामाबाद जिले में 3 लाख एकड़ के मिनजुमले सिर्फ 60 हजार एकड़ पर काश्त हुई जो भी पानी की कमी से मुतासिर हुई है। आन्ध्र प्रदेश के पूरे तालाबो मे एक कतरा भी पानी नही आया। छोटी नदी नाले सूख चुके है। सिचाई और पीने के पानी की बावलियो मे पानी नहीं है। इस पर सितम यह कि कीड़ों और बीमारियों ने रही सही फसल को देखते देखते खत्म कर कर दिया। मवेशियो के लिए बिल्कुल चारा नही है और सैकड़ो मवेशी मर रहे है। लाखो जिरायत पेशा लोग रोजगार के फराहमे में अपना गाव छोड़ कर शहरो की तरफ जा रहे है। अजनास की कीमतों मे गैर-मामूली इजाफा हो रहा है। चावल की कीमत 80 रुपये से 125 रुपये हो चुकी है। ज्वार की कीमत 60 रुपये से 90 रुपये किवटल जा चुकी है। बाज लोग इस कसमकुर्मी की हालत खुदकशी कर चुके है। चोरी और लूटमार की वारदातें हर जगह हो रही है। अगर आइन्दा एक हफ्ते मे कुछ बारिश हो जाय तो थोड़ी बहुत फसल बच जायगी। मगर पैदावर बहुत ही कम होगी। आन्ध्र प्रदेश गवर्नमेंट ने 2 करोड़ रुपया फिलफौर ड्राउट रिलीफ के कामों के लिए मजूर किया है जिस के तहत पीने के पानी की बावलियों को गहरा करने का काम कर रहे हैं और डिस्ट्रेस तकावी लोन दे रहे हैं। माल-गुजारी और कर्जों की वसूली मुल्तवी कर दी गई है। फेयर प्राइस शाप्स के जरिए से एक हजार टन चावल तकसीम किया जा रहा है। इतने बड़े मसले से निपटने का सवाल हुकूमत आन्ध्र के कुदरत के बाहर है। कल हम ने प्राइम मिनिस्टर को याददाश्त दी हैं और माग

की है कि सरकार फौरी स्टडी टीम को आन्ध्र भेजे और फिलवक्त 10 करोड रुपये मजूर किएं जायें। इस मे देरी न की जाए।

मै एक शेर अर्ज करता हू :—

हम ने माना कि तगाफिल न करोगे लेकिन
खाक हो जाएंगे हम तुम को खबर होने तक ।।

क्रानिक ड्राउट अफेक्टिड एरियाज के लिए एक मास्टर प्लान तैयार की जानी चाहिए और गोदावरी प्रोजेक्ट और इस के नार्थ कैनाल को फौरी तरमील की जाय।

श्री टी० डी० कांबले (लातूर) . सभापति महोदय, हमारे देश का दुर्भाग्य है कि हर साल कही ज्यादा बारिश होती है, कही कम बारिश होती है और कही बिलकुल ही नही होती। इस साल भी ऐसा ही हुआ है। उत्तर प्रदेश, बिहार मे काफी बारिश हो कर बाढ़ आ गई है, दूसरी तरफ अगर पश्चिम मे देखेंगे महाराष्ट्र के सात जिले तो ऐसे है जहा जून के आरम्भ से लेकर अब तक बिलकुल पानी नही बरसा है, जहा पर काश्तकार बीज भी नही बो सके है। मै उसी क्षेत्र का चित्र आप के सामने रखना चाहता हू। आज वहा पर यह स्थिति है कि जानवरो को पीने के लिए पानी नही है, आदमियो को भी पीने के लिए पानी नही है, कई गाव तो उठकर बाहर जा रहे है, इतना बडा सकट उन के सामने आ गया है। मै उन जिलो के बारे मे कह रहा हू जो मराठावाड के जिलों का है, जहा निजाम साहब के जमाने मे न कोई कल कारखाने है, न रेलवे लाइन है, न उन्नति के कोई साधन है। वहा के लोग सिर्फ मजदूरी कर के, काश्तकारी करके, अपना जीवन निर्वाह करते थे। अब ऐसी हालत मे जब कि वहा पर पानी न बरसा हो, बीज न बोये जा सकते हो, तो वे लोग क्या करेगे। वहा काम करने के लिए स्थायी काम नही है, पाने के लिये पानी नही है, जानवरों के लिए चारा नही है, एक भयकर दुर्भिक्ष की स्थिति हो रही है, तो मैं सेन्ट्रल गवर्नमेंट से प्रार्थना करूंगा कि आप वहा पर फौरन अपनी टीम भेजें, सर्वे करायें, जो मदद उन को दी जा सकती है, उसे जल्द पहुंचाने का प्रयत्न करे।

महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि "हम वहा पर लोगो को काम देगे, सस्ते अनाज की दुकाने खोलेंगे, लोगो को भूखा नही मरने दिया जायेगा, लेकिन यह इतना बड़ा काम है जिसको महाराष्ट्र सरकार अकेले बरदाश्त नही कर सकती है। जहा पर आज 10 लाख आदमी काम कर रहे है, लेकिन अब यह तादाद बढ कर 20 लाख तक हो जायेगी, मजदूर तो काम कर रहा है, लेकिन अब किसान भी मजदूर बन कर खडा हो गया है, क्योंकि उसके पास अनाज नही है, जानवरो को चारा नही है, पानी नही है भूखो मरने के सिवा अब उस के लिये क्या रह गया है।

मै इस मौके पर मन्त्री महोदय को खास कर कहना चाहता हू, यह ठीक है कि किसान मजदूरी तो कर सकता है, उसमे मजदूरी करानी चाहिये, लेकिन जो ऐसे लोग है, जो मजदूरी भी नही कर सकते है-जैसे आर्टिजन्ज है, कारीगर है, उन के लिये क्या हो रहा है। उस के भूखे मरने की नौबत आ गई है, क्योंकि वह दूसरा काम नही कर सकता है। आप ने बैंको का राष्ट्रीयकरण किया, हम बहुत बडी बडी बाते करते है कि उन को काफी पैसा मिलेगा, लेकिन हमारे पास तो कुछ नही मिल रहा है। वे लोग पूछते है कि हम इस वक्त क्या करे, मजदूरी की ताकत नही है, वे काम कर नही सकते है, वे क्या करे। हमारे सुनार है, लुहार है, कारपेन्टर है-ये लोग कहा जाये ? इन के लिये सरकार की तरफ से क्या सहूलियत है। मै मन्त्री महोदय से प्रार्थना करूगा कि वे इस तरफ ध्यान दें। जो लोग इस तरफ बेकार है, उन का इसमे कोई गुनाह नही है, यह तो एक आफत आई हुई है, सकट आया हुआ है, इस लिये जो सरकार वहा पर है उस की यह जिम्मेदारी है कि उन को काम दे, उनके

[श्री टी० डी० कांबले]

जीवन रक्षा का प्रयत्न करे ताकि उनके पारिवारिक जीवन को कोई खतरा पैदा न हो सके।

मराठवाड़ा के हमारे इस क्षेत्र में कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं है, छोटे छोटे प्रोजेक्ट्स हैं, जायकवाड़ी प्रोजेक्ट है और भी कई प्रोजेक्ट्स बनने वाले हैं। आप जानते हैं मराठावाडा का एरिया ऐसा एरिया है, जहां कोई कारखाना नहीं है, एक-दो मिले हैं, वह भी बन्द होने की नौबत मे है। इस लिये मैं आप से प्रार्थना करूंगा कि जो छोटे छोटे बांध नदियों पर बनने वाले हैं, उन को शीघ्र शुरू किया जाय ताकि इन लोगों को काम मिल सके। यह बात भी ठीक है कि आप काम शुरू कर देंगे, लेकिन वहां पर साधनों की भी कमी है जिनके बगैर यह काम हो नही सकते। जैसे वहां पर रोलर्स नही है, दूसरी मशीनें नही है, जिनके न होने से काम बन्द हो जाता है। मै चाहता हूं कि काम खोलने के साथ साथ वहां पर साधन भी उपलब्ध किये जायें। सरकार पैसा लगाकर काम शुरू करने को तैयार है, लेकिन मशीनरी नहीं है, काम की गिनती करने के लिए नहीं है, एक्सपर्ट्स नहीं हैं। मै चाहता हूं कि इन्जीनियरिंग कालिजिज मे जिन लोगों का लास्ट-ईयर है, उन को आप इस काम पर लगायें, जिससे काम की गिनती करने वाले भी मिल सकें इन सब चीजों की सहूलियतें वहां पर पैदा की जायें।

आज छोटे काश्तकारों के लिये इतनी परेशानी है कि मजदूरी के लिये भी वे जा नहीं सकते, घर में काम नही कर सकते हाथ में पैसा नहीं है, खाने के लिये अनाज नहीं है—इनके लिये क्या इन्तजाम सरकार करना चाहती है। मैं चाहता हूं कि ऐसे काश्तकारों को लोन दिया जाय, ताकि वे अपना काम कर सकें, अपनी जिन्दगी का निर्वाह कर सकें, उन को काम देने के लिये वहां ज्यादा से ज्यादा पैसा उपलब्ध होना चाहिये। आज वहां पर 20 से 25 करोड़ रुपये की आवश्यकता है, मैं चाहता हूं कि सैन्ट्रल गवर्नमेंट से मदद देकर उस काम को पूरा किया जाय।

MR. CHAIRMAN: Before I call upon the next Member, kindly listen. The Chair will call upon the Minister to reply at 6.20. Then, Shri F. A. Ahmed will speak for 10 minutes. So, the debate will continue up to 7 O' clock.

There are a number of names in the list. There is a large number. But everybody will get time provided everybody confines himself to the time allotted to him—three to four minutes. Now, Shri Md. Jamilurrahman. (*Interruption*) Let there be order in the House.

SHRI K. SURYANARAYANA (Eluru): May I request that the Ministers can reply after 7 p. m. ?

MR. CHAIRMAN: Your suggestion cannot be accepted.

17.46 hrs.

[SHRI K. N. TIWARY *in the Chair*]

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान (किशनगंज): चेयरमैन साहब, यह बिलकुल जाहिर बात है कि बाढ़ एक रेग्यूलर फीचर हो चुकी है। जब नदी है तो बाढ़ का आना जरूरी है। सवाल यह पैदा होता है कि इसे रोका कैसे जाय। जिस क्षेत्र से मैं आता हूं, मैं पहले पर्टिकुलरली उसी क्षेत्र की बातें आप के सामने रखना चाहता हूं, सारे हिन्दुस्तान के बारे में तो दूसरे मेंम्बरों ने अर्ज किया ही है। मेरे इलाके में बहुत सारी नदियां पड़ती हैं—महानदी, मेछी, कनकई, पनार, परवान, बकरा, वगैरह वगैरह, जिनको "सौरे आफ ड़ी डिस्ट्रिक्ट पूर्णिया" कहा जाता है। दूसरी तरफ मेरे सूबे मे जो नदिया हैं, उनके नाम हैं—कोसी, गंगा, बाघमती, भूथी बालान, वगैरह वगैरह। इस सिलसिले में मैं आनरेबल मिनिस्टर साहब से भी मिला था, कन्सलटेटिव कमेटी की मीटिंग में भी मैंने इस सवाल को उठाया था कि इनके लिये सरकार क्या ठोस कदम उठा रही है। पिछले 22 वर्षों में हमने कोई कदम नहीं उठाया। इसलिये मैं

सरकार से दरख्वास्त करना चाहता हू कि जिन नदियो के मैने नाम गिनाये है, उनकी तरफ सरकार का पूरा ध्यान जाना चाहिये और फ्लड-कन्ट्रोल के मेजर्स कदम वार-फूटिंग पर लिये जाने चाहिये ।

दूसरी बात—कोसी प्राजेक्ट लाखो करोड रुपया खर्च कर के बनाया गया है । प्राजेक्ट तो बन गया, लेकिन उसका रिपरक्शन क्या हुआ, उसके लिये जो पानी छोडा जाता है और जो वाटरलागिग वहा पर होता है, उसके लिये कोई इन्तजाम नही है । हजारहा-हजार एकड जमीन पानी के अन्दर है और पिछले 6-7-8 वर्षों से उसके लिये कोई इतजाम नही हो सका है ताकि वहा से पानी की निकासी हो सके, खेत खाली हो तो है नही कि फसल बोई जाय और उगाई जाय ।

तीसरी बात—इस बाढ मे मेरे इलाके मे (डिस्ट्रिक्ट आफ पूर्णिया) मे 15-16 लाख आदमी इफैक्टेड है । बिहार सरकार की जून की रिपोर्ट मेरे पास है, जून से वहा पर बाढ आई हुई है, लेकिन उस वक्त से आज तक सरकार की तरफ मे कोई कान्क्रीट स्टेप्स नही उठाये गये है, जिससे वहा के लोगो को कुछ राहत मिल सके । वहा पर जो फ्लड आया था उसकी सूचना मैने प्रधान मत्री को भी दी थी, उनको मेमोरेण्डम भी दिया था नेशनल हाइ-वे न० 31 टूट गई है, बरौनी खतरे मे है, फर्टिलाइजर और आयल रिफाइनरी फैक्टरी खतरे मे है--इनके लिये फौरन इतजाम किया जाना चाहिये । मैंने अपने मेमोरेण्डम मे इन सब बातो का जिक्र किया है और 10-15 दिन पहले यह मेमोरेण्डम दिया था । वहा पर एक सडक N. H 31 है जो अमीनगाव जाती है, दरभगा से लेकर फार-बिसगज तक जो Lateral road का प्लान था वह बन्द हो गया है, रेलवे लाइन टूट गई है, जिससे नार्थ-बिहार बिलकुल कट-आफ हो गया है । अगर इस सड़क (N. H. 31) को ऊचा बनाया जाता तो शायद ऐसी नौबत नही आती । डगमरा बैरेज बना दिया गया होता और अगर उसके जरिये पानी को कट्रोल किया जाता, तो काफी फ्लड कन्ट्रोल हो सकता था । हमारे अनरेबिल मिनिस्टर साहब वहा गये थे ..

सभापति महोदय · हम अब किसी को स्पीच के लिये एलाउ नही करेंगे, आप सिर्फ सवाल पूछिये ।

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान . हमारे रेलवे मिनिस्टर श्री हनुमन्तैया साहब 7 अगस्त को जब वहा पर गए तो उन्होने कहा कि मैंने बिल्कुल समुन्दर देखा । इसी तरह से ललित बाबू भी जब बिहार मे गये तो उन्होने कहा कि हमको गाव ही नही मिले, सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा था ।

सभापति महोदय अब आप बन्द कीजिये ।

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान : मैं प्वाइट आफ आर्डर रेज करता हू ।

सभापति महोदय कोई प्वाइट आफ आर्डर नही है, आप बन्द कीजिये ।

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान · दूसरे लोग बीस बीस मिनट बोले है ।

सभापति महोदय बाले होंगे । मैने आप को पाच मिनट दे दिया है । अब आप बन्द कीजिये ।

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान : मेरा तो लिस्ट म नाम था और जिनका नाम नही था उनको भी आपने बोलने का मौका दिया है ।

सभापति महोदय : अब आप बैठिये । मैं एलाउ नही करता हू ।

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान : यह तो इन-जस्टिस है । मुझे बोलने का मौका नही मिला इसका मुझे बहुत दुख है । हम यहा पर इस सदन की खूबसूरती देखने के लिये नही आये है । हम यहा पर जनता के वोट से जनता की

[श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान]

बात कहने के लिये आये हैं और आप के द्वारा सरकार तक बात पहुंचाना मेरा फर्ज है ।

सभापति महोदय : मैं आपको एलाऊ नही करूंगा । ला मिनिस्टर ।

17.52 hrs

STATEMENT RE : REPORTED APPEARANCE OF ATTORNEY-GENERAL IN SUPREME COURT ON BEHALF OF MYSORE IN CAUVERY WATERS DISPUTE

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI H. R. GOKHALE) : I was informed that a question was raised in the morning whether the Attorney General of India appeared for the State of Myrore in the suit which has been filed by the Government of Tamil Nadu in respect of the Cauvery waters dispute in the Supereme Court. It was also asked how the Attorney General could be authorised to appear for the State of Mysore. I want to make it clear that as a matter of fact the Attorney General did not appear for the State of Mysore. The Attorney General appeared for the Union of India. It is no doubt true that the Governor of Mysore requested me to allow the Attorney General to appear for Mysore, and two officers, the Advocate General and the Law Secretary of the Mysore Government, had come here to meet me for requesting me to allow the Attorney General to appear for the State of Mysore, but I had made it clear that in a dispute like this the Union Government could not align itself with anyone of the two parties and that I was not in a position to comply with their request. In fact the Attorney General did not appear for Mysore.

SHRI SEZHIYAN (Kumbakonam) : What made Mr. Viswanathan raise the question was a press report that the Governor of Mysore had stated that he had asked the Attorney General of India to appear for Mysore. Now that has been contradicted.

SHRI H. R. GOKHALE : The Governor of Mysore did request me to permit the Attorney General, and the two officers met me but I said I could not comply.

SHRI SEZHIYAN : This shows that Mr. Dharma Vira is not aware of the provisions of the Constitution and the procedure of the Government, and he is occupying the gubernatorial post in a State.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : This morning I requested the Government to bring a Resolution demanding the release of Sheikh Mujibur Rehman. I know that it is not possible to do this at the fag end, but I would like to get some assurance from the hon. Minister Shri Raj Bahadur that the Government will do its best. I only request you to ask him to say something.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAJBAHDUR) : The Prime Minister may come at about 6.30. At that time she might say something if you put this question.

SHRI DHARAMRAO AFZALPURKAR (Gulbarga) : The Governor of Mysore has got the right to request the Government of India to permit the Attorney General to appear for Mysore.

17.57 hours

DISSCUSSION RE : FLOOD AND DROUGHT SITUATION IN THE COUNTRY—*Contd.*

सभापति महोदय : जमीलुर्रहमान जी, आप सिर्फ सजेस्चन्स दे दीजिये ।

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान : मैं यह अर्ज कर रहा था क्या सरकार कोई ठोस योजना 7—8 साल के लिये बनायेगी जिससे पूरे इंडिया में और खास तौर पर पूर्णिया में फ्लड कन्ट्रोल हो सके ?

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी की स्थिति को देखते हुए क्या सरकार पूर्णियां, दरभंगा और सहर्सा जिलों के ब्लाक्स